# कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

*नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)*

**Pho. no. 0771-2535780,90, Fax. 07717222 7395, E-mail- dc_rmc@rediffmail.com**


## // निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक / 242 / का.अ. / फि.प्लांट / न.नि. / 20 रायपुर, दिनांक 24 / 11 / 2020

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवी एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निर्धारित प्रपत्र " ब " के तहत् निर्धारित समयावधि में सील बंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। सभी सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावेगी। निविदा खोलने के समय ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। विवरण निम्नानुसार है :–

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय – 10 / 12 / 2020 सांयकाल 5.00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को निविदा जारी करने की अंतिम तिथि – 11 / 12 / 2020 सांयकाल 2.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 15 / 12 / 2020 सांयकाल 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16 / 12 / 2020 सांयकाल 4.00 बजे तक

| क्र. | विवरण | प्राक्कलन राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से फिल्टर प्लांट के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा स्वीकृत दर पर 02 कुशल वाहन चालक एवं 08 अकुशल सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने का कार्य। | 16,07,568.00 | 16,100.00 | 750.00 | 12 माह |

**निविदा की शर्ते :–**

1. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन तिथि / समय में फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम, रायपुर रावणभाठा से प्राप्त की जा सकती है।
2. अमानती राशि (FDR) आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।
3. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर को होगा।
4. निविदाकारो को **लिफाफा " अ "** में अमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Live Registration copy, GST Registration, 3 month GST Return, 3 Year ITR, Pan Card, Tax Clearance, EPF & ESIC Certificate, Valid Bank Solvancy, Experience Certificate, Annexure 'A' and Affidavit on Non Judicial Stamp worth Rs.100/- should be essentially submitted by the Tender along with other necessary documents. इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना होगा तथा **लिफाफा " ब "** में निविदा दर, डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र में अंको एवं शब्दों में स्पष्ट अक्षरो में लिखा होना चाहिए। निविदा दर में कांट–छांट नही होना चाहिए। दोनो लिफाफा को एक अलग से बड़े लिफाफा में भरकर सीलबंद कर जमा करना होगा।
5. निविदाकारो को **लिफाफा " अ "** में आमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Live Registration copy, GST Registration, 3 month GST Return, 3 Year ITR, Pan Card, Tax Clearance Certificate, Valid Bank Solvancy, Experience Certificate, Annexure 'A' and Affidavit on Non Judicial Stamp worth Rs.100/- should be essentially submitted by the Tender along with other necessary documents.इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि सही पाये जाने के उपरांत ही **लिफाफा " ब "** खोला जावेगा।
6. इसके अलावा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते है। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ डी.डी. के रूप में जमा करना होगा।

**कार्यपालन अभियंता**
फिल्टर प्लांट
नगर पालिक निगम, रायपुर

# कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## फिल्टर प्लांट

**निविदा शर्तें :–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
2. अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से जमा करना होगा।
3. जिन निविदाकारो द्वारा पूर्व के वर्षो में अनुबंध एवं कार्यादेश के अनुसार कार्य नही किया गया है, वे निविदा हेतु अयोग्य होंगे एवं उनकी दरें नही खोली जावेगी।
4. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर को होगा।
5. कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी फिल्टर प्लांट, नगर पालिक निगम रायपुर के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त की जा सकती है।
6. निविदा मेनुअल पद्वाति के माध्यम से आंमत्रित की जाती है।
7. निविदाकार का श्रम विभाग में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।
8. निविदाकर्ता द्वारा दिया गया दर कलेक्टर दर से कम नहीं होना चाहिए अन्यथा उनकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
9. निविदाकार को कलेक्टर दर पर ही लाभांश देय होगा। यह लाभांश प्राप्त न्यूनतम निविदा दर अनुसार मान्य होगा।
10. निविदाकार को माह की 05 तारीख तक अनिवार्य रूप से कर्मचारियों को भुगतान करना होगा तथा सभी श्रमिकों का ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. नियमित रूप से जमा किया जाना होगा, जिसका प्रमाण पत्र (चालान की प्रति) प्रस्तुत करने पर ही भुगतान की जावेगी।
11. निविदाकार को संबंधित कर्मियों की उपस्थिति निष्ठा एप में दर्ज पत्रक के आधार प्रस्तुत करना होगा।
12. रखे गये कर्मचारी का कार्य संतोषजनक नहीं हो तो, उन्हें बदलकर अन्य कर्मचारी उपलब्ध कराना होगा।
13. सर्विस टैक्स की कटौती वाणिज्य कर विभाग में पंजीयन अनिवार्य होगा तथा निविदाकार स्वयं कटौती राशि संबंधित विभाग में जमा कर चालान की प्रति देंगे तत्पश्चात् ही भुगतान की कार्यवाही होगी।
14. कर्मचारियों की संख्या में सक्षम स्वीकृति उपरांत घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
15. श्रम न्यायालय द्वारा समय–समय पर परिवर्तित दर एवं नियम शर्तो का प्रतिपालन किया जाना होगा।
16. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर उसकी संपूर्ण जवाबदारी निविदाकार की रहेगी।
17. अनुबंध अवधि में यदि कलेक्टर दर पर वृद्धि होती है तो प्लेसमेंट एजेन्सी को भी उसी अनुरूप अतिरिक्त भुगतान किया जावेगा, तथा प्लेसमेंट एजेन्सी द्वारा श्रमिको को भी इसी अनुपात में भुगतान करना होगा।
18. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

**कार्यपालन अभियंता**
फिल्टर प्लांट
नगर पालिक निगम, रायपुर